कार्यक्रम आज

रतनगढ़,(निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रतनगढ़ जिला इकाई द्वारा शारीरिक प्रधान कार्यक्रम शताब्दी नाद - 2024 का आयोजन आज 6 नवंबर को पौद्दार गेस्ट हाउस मैदान में दोपहर 2:30 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवक विभिन्न शारीरिक क्रियाकलापों का प्रदर्शन करेंगे, जो उनकी अनुशासन, आत्मनिर्भरता, और एकता का प्रतीक होगा कार्यक्रम में कई विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी जिनमें दंड युद्ध, समता, नियुद्ध, कल्लरी, पदविन्यास, व्यायाम योग, योगासन, और घोष प्रमुख हैं। यह आयोजन युवा पीढ़ी में शारीरिक और मानसिक मजबूती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय थल सेना के सेवानिवृत्त कमांडेंट विजयसिंह बैनाथा तथा विशिष्ट अतिथि सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कमांडेंट अजयजी सारण तथा मुख्य वक्ता के रूप में जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक बाबूलाल उपस्थित रहेंगे।जिला संघचालक डॉ. बनवारीलाल शर्मा ने सभी स्वयंसेवकों और समाज के गणमान्य लोगों से इस कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर संघ के इस विशेष आयोजन का हिस्सा बनने का अनुरोध किया है।

पदाधिकारियों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर दिया एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

खेतड़ी, (निसं) । खेतड़ी सार्वजनिक विकास समिति के तत्वावधान में मंगलवार को एसडीएम को नौ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। इस दौरान उन्होंने कॉपर प्लांट को दोबारा से शुरू कर युवाओं के लिए रोजगार के साधन मुहैया करवाने की मांग की है। एसडीएम बंशीधर योगी को दिए ज्ञापन में बताया कि ठिकाने के समय 555 गांव खेतड़ी रियासत के अधीन आते थे। राज्य सरकार की ओर से बनाए गए नीमकाथाना, कोटपूतली जिले भी इसके अधीन थे। इसके बावजूद भी सरकार ने खेतड़ी को जिला नहीं बनाया गया। वर्तमान समय में खेतड़ी जिला बनने के सभी मापदंड पूरे कर रही है। वहीं प्रशासनिक भवन भी यहां मौजूद होना खेतड़ी को जिला बनाने की मांग की जा रही है। खेतड़ी कापर मांइस में तांबे की अथाह भंडार होने के बावजूद भी कॉपर प्लांट को बंद कर दिया गया। कॉपर प्लांट को दोबारा से शुरू करने से आसपास के लोगों को रोजगार के साधन मुहैया करवाए जा सकते है। कॉपर प्लांट के संचालन के दौरान रेलवे सुविधाएं थी, जिसे बाद में बंद कर दिया गया।

खेतड़ी सार्वजनिक विकास समिति के तत्वावधान में एसडीएम को नौ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है।

- **कॉपर प्लांट को शुरू करवाने की मांग की**

ऐसे में रेलवे सेवाओं को दोबारा शुरू करने से क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

यात्री भार को देखते हुए खेतड़ी रोडवेज डीपो में 50 बसे अतिरिक्त देने, उप जिला अस्पताल में आमजन की समस्यायों को देखते हुए अनुभवी हड्डी रोग विशेषज्ञ लगाने, खेतड़ी क्षेत्र में मीठे पानी की सप्लाई के लिए बीलवा के पास टैंक बनाकर सुचारू सप्लाई करवाई जाए, झुंझुनूं से सिंघाना होकर दिल्ली जाने वाली बसों को खेतड़ी डीपो में आने के लिए अनिवार्य किया जाए, खेतड़ी में रियायत कालीन समय में आमजन के लिए अनेक बांधों का निर्माण करवाया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में बांध जर्जर व बांध की जमीन पर कब्जा हो जाने से बांधों का अस्तित्व खत्म हो रहा है। ऐसे में सरकार को बांधों के सरंक्षण को लेकर प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आने वाले समय में पेयजल की समस्यायों को देखते हुए इनका सही तरीके से उपयोग हो सके। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही राज्य सरकार की ओर से उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाएंगे इस मौके पर दुर्गा प्रसाद, अनिल भार्गव, कपिल कुमार, मनीराम, रामेश्वर, रोशनलाल, विनोद कुमार, सुभाषचंद्र सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सम्मान समारोह आयोजित

पाटन,। डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान नीमकाथाना में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्ष रामजीलाल वर्मा, उपाध्यक्ष जुगल किशोर पत्रकार, महासचिव हरफूल मरोडिया, वित्त सचिव अमर सिंह किलानियां,शिक्षा सचिव किशन गांवली निर्वाचित हुए थे। कार्यक्रम में विधायक सुरेश मोदी व भाजपा नेता प्रमोद बाजौर मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों सहित सदस्यों व संरक्षक कमेटी का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने संस्थान में छात्रों के हितों को लेकर शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर जोर दिया। संस्थान में शिक्षा को लेकर नए आयाम स्थापित करने सहित अन्य मुद्दों को पटल पर रखा गया। सभी ने अपने अपने विचार रखें और संस्थान को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का सा संकल्प लिया। साथ ही विशिष्ट अतिथि इंद्राज मरोडिया ने संस्थान के रंग रोगन व छात्रों के लिए प्रतियोगिता दर्पण के लिए घोषणा की। इस दौरान के. आर. सिलोलिया, डॉ बी. डी वर्मा, एडवोकेट भानाराम वर्मा, शिंभूदयाल महरानियां, शिवपाल भाटी, मदनलाल, सुल्तानाराम मरोडिया, रतीराम, निर्मला देवी वर्मा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

मनके राजवीर पुत्र श्री कैन्हयालाल उम्र 65 साल जाति बावरिया निवासी किरताण तहसील राजगढ़ जिला चूरू का स्थाई रूप से निवासी हूँ, जो नीचे लिखे तथ्य शपथ पूर्वक बयान करता हूँ-1. यह है कि रामबाबु पुत्र राजवीर उम्र 30 साल जाति बावरिया निवासी किरताण तहसील राजगढ जिला चूरू मेरा पुत्र है, जो कि आवारा प्रवृती का है। जो मेरे कहने में नहीं चलता है। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगडा करता रहता है। जो कि तरह-तरह का नशा पता करता है व मुझे मारने के लिए आये दिन तैयार रहता है। मेरे पुत्र रामबाबु का अब मेरे परिवार से कोई किसी तरह का लेन देन नहीं है। और ना ही मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई सम्बन्ध रहा है। मैं व मेरा परिवार मेरे पुत्र रामबाबु के साथ आज दिनांक 07.09.2024 को सभी प्रकार के रिश्ते नाते खत्म करते है व मैं मेरे पुत्र रामबाबू को मेरी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरा पुत्र रामबाबु मेरे व मेरे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का किसी के साथ कोई लेन देन करता है, या अन्य किसी प्रकार का अनैतीक कार्य करता है। जिसमें मेरी और मेरा परिवार की कोई जिम्मेवार नहीं होगी, समस्त प्रकार की जिम्मेदारी लेन देन करने वाले स्वयं की होगी।

शपथग्रहिता, राजवीर

जनसुनवाई कर किए समस्याओं के समाधान

रतनगढ़,(निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर व देहात ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई की। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने विधायक को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। विधायक ने क्षेत्र की जनता के पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, चिकित्सा आदि समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों से वार्तालाप कर उचित समाधान के निर्देश दिए।

जगदीश खटीक ने वार्ड नंबर एक मिरासी बस्ती में पानी की समस्या, चुन्नीलाल ने हंसासर व गोलसर में 25 दिनों से पानी की समस्या, वार्ड नंबर 19 पार्षद दिनेश कुमावत ने चांदगोठिया कुएं से पानी की समस्या से अवगत करवाया तथा इसके निवारण के लिए ज्ञापन भी दिया साथ ही जर्जर व शिफ्टिंग विद्युत पोल की समस्या के बारे में भी विधायक को अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने लधासर में पशु उप केंद्र का उद्घाटन प्रोटोकॉल के खिलाफ किए जाने पर विधायक के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की जिस पर विधायक गोदारा ने इस संदर्भ में राज्य मुख्य सचिव, पशुपालन विभाग

- **विधायक ने क्षेत्र की जनता के पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, चिकित्सा आदि समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों से वार्तालाप कर उचित समाधान के निर्देश दिए**

डायरेक्टर जयपुर, पशुपालन विभाग निदेशक चूरू तथा जिला कलेक्टर से शिकायत की और दोषी अफसरों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, आलसर सरपंच भानीराम मेघवाल, शहर मंडल अध्यक्ष इलियास खान, पंडित महेश चंद्र पुरोहित, देवीलाल सांखला, अनवर अली, दिलीप सिहाग, प्रदीप सैनी, जगदीश खटीक, नानूराम बिरड़ा, तुलछाराम सिंवल, अब्बास गोरी, आसिफ, हरिराम नायक, मोहन राम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपाईयों ने उपचुनाव में जीत के लिए सालासर तक पदयात्रा की

सुजानगढ। विधानसभा उपचुनावों में सभी सातों सीटों पर भाजपा के क्लीन स्वीप की प्रार्थना लेकर सुजानगढ के भाजपाइयों ने मंगलवार को सुजानगढ से सालासर की पैदल यात्रा की। सुजानगढ पंचायत समिति प्रधान मनभरी देवी और पूर्व मंत्री खेमाराम के नेतृत्व में सैंकडों पदयात्रियों ने बालाजी के जयकारों के साथ मंगलवार सुबह यात्रा शुरू की। जिनका लोढसर पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य नवरंग सीलू, अनीता चौधरी, विजयपाल चाहर सहित टीम ने स्वागत किया। वहीं भींवसर में भी पदयात्रियों का स्वागत हुआ। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा सभी सीटें जीते, ऐसी प्रार्थना लेकर सालासर बालाजी के दरबार तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। साथ ही कामना करते हैं कि सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र में सुख-शांति बनी रहे। जगदीश सेवदा, धर्म सिंह मीणा, भंवरलाल सामोता, महेंद्र डूकिया, प्रहलाद जाखड, मांगीलाल भांभू, वैद्य भंवरलाल, बुद्धिप्रकाश सोनी, नरेंद्र गुर्जर, अमित मौसूण, महेश पारीक भी मौजूद रहे।

पूर्व सैनिकों का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ

झुंझुनूं, जिला मुख्यालय पर शहीद स्मारक में जिले के पूर्व सैनिक संगठनों द्वारा आयोजित सैनिक समारोह भव्य आगाज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत जिला प्रभारी मंत्री झुंझुनूं, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय जांगिड़, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर जयराम सिंह, पूर्व सैनिक संघ जिला अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद नूनियां, गौरव सेनानी समिति जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह झाझड़िया, गौरव सेनानी शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष राजपाल फोगाट, सेंट्रल फोर्सेज संगठन के जिला अध्यक्ष विद्याधर सिंह दूलड़, पूर्व सैनिक संघ महासचिव अमरचंद खेदड़, कोषाध्यक्ष रामनिवास नेतड़, पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास डारा, नेवल संस्थान जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ईशरवाल, गौरव सेनानी संगठन जिलाध्यक्ष शीशराम डांगी, नवलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल सांखलिया, गुढ़ा ब्लॉक अध्यक्ष छगन सिंह शेखावत, सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कविता सामोता थे।

इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष राजेंद्र फौजी ने सैनिक कल्याण मंत्री के सामने झुंझुनूं के पूर्व सैनिकों के लिए आवंटित 1100 मीटर जमीन में एक विशाल सैनिक भवन के लिए बजट की मांग, झुंझुनूं के पूर्व सैनिकों के लिए डीएलसी दर पर सैनिक कॉलोनी बसाने तथा भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन 1988 के तहत पुनर्वास में कैटिगरी वाइज किए गए आरक्षण को पुनः बहाल कर यथावत रखने का प्रस्ताव रखा। जिसके लिए सैनिक कल्याण मंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने के लिए जिलों के सभी सैनिकों के सामने आश्वासन दिया कि वे सीएम से बात करके पूर्व सैनिकों की मांग पूरी करवाएंगे। इस दौरान उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने फौजी द्वारा की गई मांग को पूरा करने के आश्वासन के बाद पूर्ण रूप से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में आने का ऐलान किया। जिसका पूर्व सैनिकों ने समर्थन किया तथा कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राजेंद्र फौजी का साफा और माला पहनकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने जिले में प्रत्येक तहसील में जिले के जैसा स्मारक सभी तहसीलों में बनाने का सरकार का प्लान बताया। जहां सैनिकों लिए लाइब्रेरी भी होगी। वर्तमान में संचालित सीएसडी कैंटीन और जिला सैनिक कार्यालय को ईसीएचएस के पास खाली सैनिकों की भूमि पर स्थानान्तरित करने का भी आश्वासन दिया। जिले से पहुंचे हुए सैनिकों ने मंत्री को अपने समस्याओं के ज्ञापन भी सौंपे तथा मंत्री ने उन समस्याओं का समाधान करने का भी आश्वासन दिया।

एसबीआई के एटीएम का दरवाजा चोरी

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय के सीएम बहड़ सर्किल (पंखा) पर स्थित एसबीआई के एटीएम का दरवाजा चोरी हो गया है। इस मामले में एसबीआई के अधिकारी मौन धारण करके बैठे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एसबीआई की ओर से जिला मुख्यालय के सीएम बहड़ सर्किल (पंखा) पर एटीएम लगाया हुआ है। इस एटीएम का दरवाजा कोई चोरी करके ले गया है। इस एटीएम एसी भी खराब है। यहां पर 24 घंटे में कोई भी सुरक्षा कर्मी नहीं आता है। इस एटीएम की सीढ़ियां भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रात को यहां अंधेरा रहता है। लोग बल्ब तक चोरी करके ले गए हैं। इस कारण से यहां बैंक के उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी हो रही है। बुजुर्ग लोग तो यहां बैंक व प्रशासन को हर समय कोसते रहते हैं।

नोटिस बनाम सर्वसाधारण

मेरे मुवक्किल सत्यनारायण सैनी पुत्र चेतराम सैनी जाति माली निवासी वार्ड नम्बर 10 कस्बा राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू की हिदायतानुसार निम्न नोटिस दिया जा रहा है-यह कि मेरे मुवक्किल की पुत्री चान्दनी सैनी पुत्री सत्यनारायण सैनी जाति माली निवासीनी वार्ड नम्बर 10 कस्बा राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू, मेरे मुवक्किल व परिवारजन के कहे अनुसार नहीं चलती है तथा ना ही मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के सदस्यों की बात मानती है तथा गलत संगत व सोहबत में रहती है। जिसके कियाकलाप पारिवारिक नहीं है। जो मेरे मुवक्किल व परिवारजन को बिना बताये घर से नगदी रूपये व गहने लेकर चली गई है। जिस कारण मेरे मुवक्किल स्वयं व परिवारजन की ओर से अपनी पुत्री चान्दनी को आज दिनांक 05.11.2024 को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। तथा उससे सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में मेरे मुवक्किल का अपनी पुत्री चान्दनी से कोई सम्बन्ध नहीं है। अगर कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल की पुत्री चान्दनी से किसी प्रकार का लेन देन या अन्य प्रकार से कोई कार्य में सहयोग करेगा तो उसकी समस्त जिम्मेवारी उसके स्वयं की होगी। मेरे मुवक्किल की उक्त प्रकार से चान्दनी के द्वारा किये जाने वाले किसी लेन देन/संव्यवहार/किसी भी कृत्य की अदायगी हेतु कोई उत्तरदायित्व या कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। सूचनार्थ नोटिस अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है ताकि सनद रहे।

श्री जितेन्द्र कुमार सहारण, एडवोकेट
राजगढ़ (चूरू) मो. नं. 9414213567

68वीं राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

सादुलपुर, (निसं)। 68वीं राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचने से पहले राधास्वामी आश्रम चूरू बाई पास पर शहीद स्मारक, कोर्ट के आगे, नन्द प्लाजा के पास रेलवे स्टेशन के आगे, सिनेमा हॉल, हायर सैकेंडरी स्कूल तक 15 तोरण स्वागत द्वार बनाये गए। खुली जीप में बने रथ पर हरियाणा चुनाव प्रभारी व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया व पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया का पुष्प वर्षा कर जुलूस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ के खेल मैदान पहुंचा। मार्च पास्ट, खेल ध्वज के आरोहण के साथ मुख्य अतिथि डॉ. सतीश पूनिया ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। खिलाडियों को शपथ दिलाई गई तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रोग्राम हुआ। प्रोग्राम में अध्यक्षता लोकसभा प्रत्याशी रहे पदमभूषण देवेंद्र झाझडिया, लोहिया कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो दिलीप पूनिया, द्रोणाचार्य अवॉर्डी बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार बघेला, जेडी बजरंग लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, हैमर थ्रोअर एशियाई चैंपियन मंजू बाला स्वामी, वन्य जीव पर्यावरण समिति सदस्य सूरतसिंह पूनिया, उपखंड अधिकारी राजगढ मीनू वर्मा, रणवीर झाझडिया, सीबीईओ बबलेश शर्मा, रामूराम बुंदेला, तहसीलदार धीरज झाझडिया, बीडीओ पवन जांगिड आदि ने किया। भवाई नृत्य, मटका नृत्य की प्रस्तुति दी गई। डॉ. सतीश पूनिया ने उद्बोधन में कहा कि मैं 11वीं कक्षा इसी विद्यालय से पास करके गया था और कोच शफी मोहम्मद साहब मुझे याद हैं। उन्होंने दिवंगत शारीरिक शिक्षक शफी मोहम्मद की तारीफ की और कहा कि एथलेटिक्स में चूरू जिले के राजगढ का हमेशा दबदबा रहा है। उन्होंने झझडिया, बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार बघेला व मंजू बाला स्वामी की उपलब्धियां बताई और सभी टीमों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। डॉ. सतीश पूनिया ने विजेता को 11 हजार व उपविजेताओं को 51सौ रुपये देने की व्यक्तिगत घोषणा की। साथ ही टीम प्रभारी कोचेज को ट्रैक सूट देने की भी घोषणा की। पदमभूषण देवेन्द्र झाझडिया ने कहा कि मैं खिलाडियों के लिए अच्छी खेल नीति तथा सरकार की तरफ से इनामी राशि बढवाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने भी उत्साह वर्धन किया और लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने की बात कही। अपने संस्मरण सुनाए व 2014 के बाद किन किन सुविधाओं में वृद्धि की है के बारे में बताया तथा कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी प्रत्येक मैडल विन्नर से मिलते हैं, उनके साथ खाना खाते हैं तथा उनके विचार जानते हैं। झाझडिया ने कहा कि मैंने भी इसी खेल मैदान से सफर शुरू किया था। प्राचार्य तथा प्रतियोगिता संयोजक सुरेन्द्र पूनिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, साफा तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। उनका स्वागत उपप्राचार्य राजवीर सुडा, राजकुमार पूनिया, वीरेंद्र मांजू, संदीप कुमार जडिया, जसवंत पूनिया, रोहताश कुल्हाड, अजय शर्मा, मीडिया प्रभारी मनोज पूनिया, विजयकुमार वर्मा, रामचंद्र सिंह राठौड, वीरेंद्र थालोड, हनुमान पीटीआई, डॉ सोमवीर सरावग, प्राचार्य सुमन पूनिया, उर्मिला पूनिया, अनिता देवी व सीमा पूनिया आदि ने किया। डॉ सतीश पूनिया, पदमभूषण देवेंद्र झाझडिया व प्रो. दिलीप पूनिया को 21 किलो की माला पहनाई तथा नेशनल प्लेयर्स व कोच जसवंत ने 51 किलो की माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। वहीं डॉ सतीश पूनिया ने बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार बघेला की प्रशंसा करते हुए।

स्वामी समाज के महासम्मेलन को लेकर किया जनसंपर्क

सुजानगढ। (का.स)। झुंझुनू जिले के गुढागौडजी में आगामी 9 व 10 नवंबर को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय स्वामी समाज महा सम्मेलन को लेकर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामी समाज के लोगों ने संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में महासम्मेलन में पधारने का निमंत्रण दिया । प्राचीन वैष्णव मठ गोपालपुर के महंत तनसुखदास स्वामी, उप सरपंच गणपत दास स्वामी, भंवर दास स्वामी, हरिदास स्वामी,प्रकाश स्वामी,भंवर दास छापर,सुभाष स्वामी,किशोर दास स्वामी सहित अन्य जनों गोपालपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में संपर्क किया । किशोर दास स्वामी ने बताया कि स्वामी समाज के महासम्मेलन में सामाजिक एकता, संगठनिक मजबूती व गौरवशाली धार्मिक परंपरा के रक्षण, संरक्षण, संवर्धन के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों, मंदिर डोली समस्या,संगठन, शिक्षा सहित अनेक मुद्दों पर दो दिवसीय सम्मेलन में चर्चा,चिंतन व मंथन होगा । सुजानगढ शहर में धन्नावंशी बैरागी स्वामी समाज अध्यक्ष विनोद भास्कर, छापर में एडवोकेट सूर्य प्रकाश स्वामी, बीदासर में पदम दास स्वामी व जगदीश स्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं । वहीं ग्रामीण अंचल में आबसर के पूर्व सरपंच केशव दास स्वामी, सीताराम स्वामी, गणपत दास स्वामी, प्रेमदास स्वामी की टीम जनसंपर्क कर अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों को महासम्मेलन में गुढा पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं ।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर

Fax-01537-250043-Email: nprawatsar1977@mail.com-Phone No.: 01537-250043

क्रमांक- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांक-04.11.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुशीलकुमार पुत्र श्री ताराचन्द जाति अग्रवाल साकिन रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने ऑनलाईन आवेदन कर वार्ड नं. 21 रावतसर में अपने क्रयशुदा आवासीय भूखण्ड साईज 1500 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता हैं मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा दिनांक 19.04.1997 को श्री श्योपतराम पुत्र श्री हुकमाराम के नाम से साईज 355.83 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री श्योपतराम ने उक्त भूखण्ड में से 166.66 वर्गगज का जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.06.2003 को श्री संयुक्त हिन्दु परिवार जरिये सुन्दरलाल पुत्र श्री कन्हैयालाल बांठीया साकिन बीकानेर को बैचान कर दिया। श्री संयुक्त हिन्दु परिवार जरिये सुन्दरलाल पुत्र श्री कन्हैयालाल बांठीया ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.08.2024 को श्री सुशीलकुमार पुत्र श्री ताराचन्द को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत रसवर्षण का शुभारंभ

सीकर । नेहरू पार्क के सामने स्थित श्री गोपीनाथ सेवा सदन गोविंदम में मंगलवार से श्रीमद् भागवत रस वर्षण का विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा छोटा तालाब बालाजी मंदिर से गाजे-बाजे एवं शाही लवाजमें के साथ शुरू होकर कथा स्थल गोविंदम पहुंची। कलश यात्रा में सर्वप्रथम विद्वान पंडितो द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं कलश पूजन किया गया।

इसके बाद श्रीमद् भागवत रसवर्षण के यजमान दिनेश बियाणी सपत्नीक एवं परिवार जनों के साथ श्रीमद् भागवत कथा शीश पर धारण कर कलश यात्रा के साथ कथा स्थल पहुंचे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में चंद्रमा दास जी महाराज, प्रकाश दास जी महाराज, मनोहर शरण जी महाराज, जुगल किशोर शरण, धर्मदास जी महाराज, लक्ष्मण दास जी, मधुसूदनाचार्य तथा त्रिवेणी दास जी सहित अनेक संत महात्माओं का सानिध्य रहा।

सीकर शहर के प्रतिष्ठित बियाणी परिवार की ओर से स्वर्गीय हरि बक्श

श्री गोपीनाथ सेवा सदन गोविंदम में मंगलवार से श्रीमद् भागवत रस वर्षण का विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

एवं स्वर्गीय श्याम सुंदर बियाणी व परिवार की समस्त दिवंगत पुण्य आत्माओं की पावन स्मृति में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, शहर विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, सभापति जीवन खां, कमल सिखवाल, स्वदेश शर्मा, पवन मोदी, विष्णु भूत, कांति प्रसाद मोर, पन्नालाल सारडा, सुरेश शर्मा, श्री शिवकुमार लखोटिया, ललित झाझुका, महेंद्र तोदी, प्रदीप मोदी, अनुभव जैन योगेश चितलांगियां, मनीष काबरा,सत्यम सोमानी,संजय मोर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन साथ रहे।

कलश यात्रा के बाद कथा स्थल गोविंदम में व्यास पीठ से अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु श्री निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्रीजी महाराज ने पहले दिन बोलते हुए श्रीमद् भागवत कथा का सार व महात्म्य पर प्रकाश डाला। गणेश वंदना एवं मंगलाचरण के साथ शुरू हुए श्रीमद् भागवत कथा रसवर्षण में श्रीजी महाराज ने कहा की भागवत कथा करने व सुनने से समस्त प्राणी मात्र का कल्याण होता है व पितरों का मोक्ष होता है। उनकी आत्माओं को शांति प्राप्त होती है। मंगलवार से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा 11 नवंबर तक दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगी। इसके तहत बुधवार को दूसरे दिन भगवान शिव पार्वती विवाह, परीक्षित जन्म, श्री सुखदेव आगमन एवं ध्रुव चरित्र की कथा का वाचन होगा।

इससे पूर्व बियाणी परिवार के दिनेश, महेश, मनोज, निखिल, हर्ष बियाणी व आयोजन समिति के पदाधिकारीयों द्वारा आगन्तुक संत महात्माओं व जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों का फूल माला व शाल ओढाकर स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन समिति के दिनेश बियाणी ने बताया कि कथा स्थल पर पहुंचने के लिए दोपहर 2:00 बजे से शहर के सुभाष चौक, रामलीला मैदान व डोलियों का बास से बसों की व्यवस्था रहेगी।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल छापर (राजस्थान)

क्रमांक : न.पा.छा./2024/2127 **आम सूचना** दिनांक : 04.11.2024

नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 एवं राजस्थान नगरपालिका (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) उपविधियाँ 2019 की पालना में उक्त उपविधियों के उल्लंघन मे किए गए कृत्यों के लिए निम्नांकित निर्धारित मौके पर जुर्माना वसूली योग्य :-

क्र.स.	कृत्य	नगर पालिका
1.	रहवासीय भवनों के निवासियों द्वारा रोड/गली में कचरा फैलाने (Littering) पर	50 रूपये प्रतिदिन
2.	दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर	250 रूपये प्रतिदिन
3.	रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुला कचरा डलाने	500 रूपये प्रतिदिन
4.	होटल मालिकों द्वारा कचरा डालने पर	500 रूपये प्रतिदिन
5.	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर	1500 रूपये प्रतिदिन
6.	हलवाई, चाट, पकोडी, फास्ट फूड आईसक्रीम गन्ने का रस एवं अन्य ज्यूस सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	50 रूपये प्रतिदिन
सार्वजनिक स्थानों /रोड/गली मे गंदगी (Littering) करने पर		
7.	(i) थूकने पर	50 रूपये एक बार
	(ii) खुले में नहाने पर	50 रूपये एक बार
	(iii) खुले में पेशाब करने पर	50 रूपये एक बार
	(iv) खुले में शौच करने पर	100 रूपये एक बार
	(V) गोबर डालने पर	1500 रूपये एक बार
8	निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री, ईंट, सीमेन्ट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर	250 रूपये प्रतिदिन
9	निजी ट्रेक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए पालिका की सडकों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	250 रूपये प्रतिदिन
10	सरकारी भवनों, चौराहो एवं शहर चार दीवारी की दीवारों व उनके गेटो पर निजी वाणिज्यक प्रचार-प्रसार हेतु प्रोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	1000 रूपये प्रतिदिन
11	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर	1500 रूपये प्रतिफिट
12	अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सडक पर करने पर	1500 रूपये प्रतिदिन
13	दुकानदारों अथवा ठेला व्यवसाइयों द्वारा सडक पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेयरिंग कर ऑयल मिट्टी व पानी फैला